कार्यालय : सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश,
23 एलनगंज, प्रयागराज, पिन कोडः— 211002
दूरभाष सं0 / फैक्स नं0:— 0532-2467504, 0532-2466769 Website: http:\\btcexam.in
ई—मेल आई डी:— secretarypnp.up@gmail .com, junioraidedexam@gmail.com

विज्ञप्ति

दिनांक 17.10.2021 को आयोजित **जूनियर हाई स्कूल प्रधानाध्यापक/सहायक अध्यापक चयन परीक्षा 2021** की परीक्षाओं से सम्बन्धित प्रश्नपुस्तिकाओं के चारों सीरीज की प्रकाशित उत्तरमाला वेबसाइट http://updeled.gov.in पर दिनांक 22.10.2021 के अपराह्न से उपलब्ध है। वेबसाइट पर प्रकाशित उत्तर माला के क्रम में यदि इच्छुक अभ्यर्थी कोई आपत्ति संज्ञान में लाना चाहते हैं तो निम्नलिखित शर्तो के अधीन **दिनांक 23.10.2021 के अपराह्न से दिनांक 26.10.2021 तक** वेबसाइट http://btcexam.in के माध्यम से ऑनलाइन संज्ञान में ला सकते हैं —

1. अभ्यर्थियो को प्रकाशित उत्तरमाला के प्रति आपत्ति दर्ज कराये जाने हेतु प्रति प्रश्न रू0 500 की दर से ऑनलाइन शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा। आपत्ति शुल्क जमा नही किये जाने पर आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।
2. अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन दर्ज करायी गयी आपत्ति, विषय विशेषज्ञों द्वारा सही पाये जाने पर, अभ्यर्थी द्वारा भुगतान की गयी धनराशि परीक्षाफल घोषित होने के उपरान्त अभ्यर्थी को ऑनलाइन वापस (Refund) कर दी जाएगी। तथा दर्ज करायी गयी आपत्ति सही नही पाये जाने पर अभ्यर्थी द्वारा प्रति प्रश्न की दर से भुगतान किया गया शुल्क किसी भी स्थिति में वापस (Refund) नही किया जाएगा। इसके लिए अनिवार्य है कि अभ्यर्थी विभाग द्वारा प्रकाशित उत्तरमाला पर आपत्ति दर्ज करने से पूर्व भली—भाँति सुनिश्चित हो लें।
3. अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन दर्ज करायी गयी आपत्तियों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा प्राप्त अभिमत के अनुसार उत्तरमाला को अद्यतन करते हुए अंतिम उत्तरमाला प्रकाशित की जाएगी। अंतिम उत्तरमाला के प्रकाशन के उपरान्त, प्रकाशित उत्तरमाला के क्रम में किसी भी प्रकार के प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं किए जाएगें।
4. ऑनलाइन आपत्ति दर्ज कराने में किसी भी प्रकार के साक्ष्य/अभिलेख वेबसाइट पर अपलोड नहीं किये जाएगें। अभ्यर्थी आपत्ति के साक्ष्य स्वरूप संदर्भित पुस्तक का नाम, लेखक का नाम एवं पृष्ठ सं0 अंकित कर सकते हैं।
5. आपत्ति केवल निर्दिष्ट वेबसाइट http://btcexam.in के माध्यम से ऑनलाइन ही स्वीकार की जायेगी। व्यक्तिगत, पत्राचार एवं मोबाइल आदि किसी अन्य माध्यम से कोई भी आपत्ति किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जायेगी। निर्धारित अंतिम तिथि **26.10.2021 के** उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी आपत्ति/प्रत्यावेदन स्वीकार नही किये जायेंगे।

(संजय कुमार उपाध्याय)
सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उ0प्र0, प्रयागराज